**हादसा** | दो घंटे बाद मिला शव, अवैध रेत उत्खनन से बने गहरे गड्ढों ने ली मासूम की जान

# केवई नदी में नहाने गया 12 वर्षीय मासूम डूबा





**जमुना कोतमा नवभारत 29 जून।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र स्थित केवई नदी के पंप घाट पर रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों के साथ नदी में नहाने और खेलने गया मासूम अचानक गहरे पानी में समा गया। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय नागरिक और कॉलरी प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से बच्चे का शव नदी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**छह दोस्तों के साथ पंप घाट पर नहाने गया था-** जानकारी के अनुसार गेट दफाई निवासी शिवम् गुप्ता (12) रविवार शाम अपने छह दोस्तों के साथ केवई नदी के पंप घाट पर नहाने गया था। शाम लगभग साढ़े चार बजे नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते नदी में डूब गया। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में लापता हो गया। घबराए बच्चों ने तत्काल घटना की जानकारी परिजनों और स्थानीय लोगों को दी।

### गोताखोरों और नागरिकों की मदद से शव को खोजा गया

सूचना मिलते ही भालूमाड़ा थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय, पुलिस बल तथा कॉलरी के महाप्रबंधक मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों और नागरिकों की मदद से नदी में लगातार तलाश अभियान चलाया गया। लगभग दो घंटे की खोजबीन के बाद शिवम का शव नदी से बाहर निकाला गया।

### घटना की सूचना लगते ही नदी घाट में लगी भीड़

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग नदी घाट पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को नदी किनारे से पीछे हटाने का प्रयास किया, जिस दौरान कुछ देर हल्की बहस भी हुई। बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

### रेत उत्खनन से नदी में हो गए गहरे गड्ढे

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केवई नदी में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। रेत निकालने के कारण नदी में कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो आम लोगों और विशेष रूप से बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई की गई होती तो शायद यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था।

# आर्थिक तंगी से परेशान मां-बेटी ने लगाई फांसी

▶ सुसाइड नोट में लिखा हम किसी पर बोझ नहीं बनना चाहते



**अनूपपुर, नवभारत 29 जून।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत खमरोध गांव में आर्थिक तंगी से जूझ रही मां और बेटी ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

दोनों के शव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक आम के पेड़ की अलग-अलग डालियों पर लटके मिले। घटना की सूचना मिलने पर सोमवार को पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### भरण-पोषण राशि का मामला न्यायालय में विचाराधीन था

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 42 वर्षीय मीरा रैदास और उनकी 24 वर्षीय बेटी पूनम रैदास के रूप में हुई है। मीरा अपने पति से अलग होकर मायके खमरोध में रह रही थीं और बेटी का पालन-पोषण कर रही थीं। पति से भरण-पोषण राशि दिलाने का मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है।

### आम के पेड़ की अलग-अलग डालियों पर फांसी लगाई

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रविवार को मां-बेटी कोतमा बाजार गई थीं, जहां से उन्होंने रस्सी खरीदी। इसके बाद दोनों गांव लौटकर एक सुनसान स्थान पर पहुंचीं और आम के पेड़ की अलग-अलग डालियों पर फांसी लगा ली। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखे तो पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से बेटी पूनम द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। नोट में लिखा है, हम किसी पर बोझ नहीं बनना चाहते।

# वर्षा जनित आपदाओं से निपटने तैयारी करें : सीईओ



▶ सीईओ ने सीएम हेल्पलाइन और वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा की

**अनूपपुर, नवभारत 29 जून।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु को देखते हुए जिले में संभावित आपदाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक एवं राहत व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने पुल, पुलिया एवं रपटों का चिन्हांकन कर जलभराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्माण विभाग, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा मैदानी अमले को पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**शिकायतों का निराकरण प्रभावी होना चाहिए -** सीईओ जिला पंचायत ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता नहीं होकर तथ्यपरक एवं प्रभावी होना चाहिए तथा अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद कर समस्याओं का समाधान करें।

# जिले में 4 हाथियों का दल फिर पहुंचा, दो हिस्सों में बंटा

**वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, ग्रामीणों में फिर बढ़ी चिंता**





**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में छत्तीसगढ़ वन सीमा से पांच दिन पहले पहुंचे चार हाथियों का दल रविवार शाम दो हिस्सों में बंट गया।

तीन हाथियों का समूह जैतहरी के धनगवां जंगल से होते हुए अनूपपुर वन परिक्षेत्र के भोलगढ़ बीट के खुरियारी जंगल पहुंच गया है, जबकि एक बड़ा नर हाथी अभी भी जैतहरी के धनगवां जंगल में विचरण कर रहा है। हाथियों के अलग-अलग हो जाने से वन विभाग की चिंता बढ़ गई है।

### रविवार का दिन ग्राम सोनमौहरी में बिताया


वन परिक्षेत्राधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि तीन हाथियों के समूह ने रविवार का दिन ग्राम सोनमौहरी के बांस प्लांटेशन क्षेत्र में बिताया। इसके बाद शाम के समय समूह सेंदुरी से सोनमौहरी मार्ग होते हुए खिरना नदी पार कर अनूपपुर-बिलासपुर तथा अनूपपुर-चिरमिरी रेलवे लाइन पार करते हुए भोलगढ़ के खुरियारी जंगल पहुंच गया।

### बड़ा नर हाथी झूरहीतलैया जंगल में देखा गया

दल से अलग हुआ बड़ा नर हाथी रविवार को जैतहरी के गोबरी बीट स्थित झूरहीतलैया जंगल में देखा गया था। देर रात वह धनगवां जंगल की ओर बढ़ गया। वन विभाग के अनुसार अब तक हाथियों ने किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया है। हाथियों के दो अलग-अलग समूहों में बंट जाने के बाद वन विभाग ने निगरानी व्यवस्था और सख्त कर दी है।

**एक नजर में**

## खेत के मकान में संदिग्ध हालत में मिला अधेड़ का शव



**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत निगवानी में सोमवार की दोपहर 47 वर्षीय सतानंद तिवारी का शव खेत में बने निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध हालत में मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौप कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि शुरुआती पूछताछ और जानकारी के मुताबिक, मृतक सतानंद तिवारी पिछले लंबे समय से नशे का आदी था। इसके साथ ही वह किसी गंभीर बीमारी से भी जूझ रहा था। अनुमान है कि सतानंद अक्सर अपने घर से खेत वाले इस अधूरे मकान में आते-जाते रहते थे। मुमकिन है कि रविवार की रात भी वे इसी मकान में आए थे, जहां बहुत ज्यादा नशा करने के कारण वे अचानक जमीन पर गिर पड़े। गिरने की वजह से उनके सिर में गंभीर चोट आई और ज्यादा खून बह जाने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। फिलहाल, पुलिस हादसे और हत्या दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## दुर्घटना पीड़ित परिवार को 1 लाख की सहायता मंजूर

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के बिजुरी क्षेत्र में दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक राहत प्रदान करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जारी आदेश के अनुसार, बिजुरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 गौटियान मोहल्ला, लोहसरा भाछा निवासी स्वर्गीय रूपलाल केवट की दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद उनकी पत्नी यशोदा केवट को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से यह सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को नियमानुसार सहायता राशि का आहरण कर शीघ्र हितग्राही को वितरित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के अनुसार यह आर्थिक सहायता दुर्घटना से प्रभावित परिवार को तत्काल आर्थिक संबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वीकृत की गई है।

## बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 0 .5 मिमी वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान औसतन 0.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में सर्वाधिक 3 मिलीमीटर वर्षा कोतमा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई। इसके अलावा पुष्पराजगढ़ वर्षामापी केन्द्र में 1.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं अनूपपुर, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर, अमरकंटक और बेनीबारी वर्षामापी केन्द्रों में इस दौरान वर्षा दर्ज नहीं हुई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन आज

**अनूपपुर, नवभारत।** जल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का जिला स्तरीय समापन एवं सम्मान समारोह 30 जून को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम औढेरा स्थित नवीन तालाब निर्माण स्थल पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे प्रारंभ होगा। समारोह में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। समापन समारोह में अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

# रेलवे मजदूर कांग्रेस की यूथ विंग का गठन



**अनूपपुर, नवभारत। साउथ** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर की यूथ विंग की प्रथम बैठक शनिवार 28 जून को शाखा कार्यालय अनूपपुर में आयोजित की गई। बैठक मुख्य अतिथि जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मोमिता मजमुद्दार को यूथ विंग शाखा अनूपपुर का अध्यक्ष तथा किशन द्विवेदी को शाखा सचिव मनोनीत किया गया। शाखा के कोषाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण तथा मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देशानुसार अनूपपुर शाखा में यूथ विंग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि अनूपपुर शाखा के अंतर्गत आने वाले 11 रेलवे स्टेशनों के 40 वर्ष तक आयु के रेल कर्मचारियों को इस यूथ विंग में विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

**निष्पक्ष जांच और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग**

# ग्रामीणों ने आईजी से लगाई गुहार, एसईसीएल कर्मचारी पर लगाए आरोप

**शहडोल, नवभारत।** जिले के ग्राम सिगुड़ी के ग्रामीणों ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शहडोल को ज्ञापन सौंपकर गांव के एक एसईसीएल कर्मचारी पर लगातार विवाद, मारपीट, गाली-गलौज और गांव का माहौल खराब करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सिगुड़ी निवासी उदय भान सिंह आए दिन गांव में छोटे-छोटे विवादों को लेकर लोगों से कहासुनी, गाली-गलौज एवं मारपीट करता है। विरोध करने पर वह स्वयं को पीड़ित बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराता है तथा प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों से संपर्क कर कार्रवाई कराने का प्रयास करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति कई बार यह दावा करता है कि गांव के कुछ लोग उसके साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसी को देखते हुए ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को पहले से अवगत कराते हुए कहा है कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच की जाए तथा बिना तथ्यों की पुष्टि किए किसी भी निर्दोष ग्रामीण को जिम्मेदार न ठहराया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति के कार्यस्थल और पारिवारिक स्तर पर भी विवाद होने की बात सामने आई है।

## दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन हेतु आयोजित होंगे विशेष कैंप

**शहडोल, नवभारत ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियो को पत्र जारी किया है कि जिले में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिनमे ऐसे दिव्यांग बच्चे जिनकी आयु 0 से 18 वर्ष है उनके आकलन पश्चात जिले के विभिन्न विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाये जाएंगे। जारी पत्र के अनुसार 30 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू, 1 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार, 2 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर, 3 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर एवं 4 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्यौहारी को विशेष कैंप आयोजित किये जाएंगे।

# साइबर अपराधों से बचाव की दी गई जानकारी

**ऑपरेशन सेफ क्लिक 2 .0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




**अनूपपुर, नवभारत 29 जून।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत शनिवार को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अनूपपुर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. एस.सी. राय, सिस्टर ट्यूटर कविता राठौर, तरुणा मरावी, कृष्णा सिंह, ज्योति मिश्रा एवं शीजा थॉमस की उपस्थिति में लगभग 100 छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**करीब 50 प्रशिक्षार्थियों को जागरूक किया गया-** इसी दिन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान परसवार में करीब 50 प्रशिक्षार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं रविवार को शासकीय जिला चिकित्सालय अनूपपुर में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, मेडिकल कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्ड सहित लगभग 100 लोगों को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

**आदेश** | 1 अक्टूबर तक जिले के सभी चिन्हित रेत घाटों में लागू होगा आदेश

# सभी रेत खदानों में उत्खनन पर आज से रोक



**अनूपपुर, नवभारत 29 जून।** मानसून सत्र के दौरान पर्यावरण संरक्षण और नदी तंत्र को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिले की सभी स्वीकृत रेत खदानों में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली द्वारा जारी आदेश के अनुसार 30 जून की मध्यरात्रि के बाद से 1 अक्टूबर तक जिले के सभी चिन्हित रेत घाटों पर खनन कार्य पूर्णतः बंद रहेगा।

### जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश पर लिया गया निर्णय

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि यह निर्णय राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण मध्यप्रदेश भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइंस-2020 तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा निर्धारित वर्षाकाल अवधि के अनुरूप लिया गया है।

### अस्थायी निर्माण हटाने के दिए गए निर्देश

मानसून के दौरान नदी तंत्र, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने सभी रेत खदान संचालकों को निर्देश दिए हैं कि खदानों से रेत निकासी के लिए बनाए गए अस्थायी पुल, पुलिया, सड़क निर्माण हेतु डाली गई मिट्टी, मुरूम तथा अन्य मलबे को नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से तत्काल हटाया जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल प्रवाह बाधित नहीं हो और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

### आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी रेत खदान संचालकों को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन या आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बरसात से पहले एसईसीएल सोहागपुर एरिया में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**नवभारत ( धनपुरी )।** बरसात के मौसम को देखते हुए एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी. के. जेना ने एरिया के सिविल विभाग को श्रमिक कॉलोनियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान कर्मचारियों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सफाई व्यवस्था, आवासों की मरम्मत और अन्य जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। महाप्रबंधक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एरिया की सभी श्रमिक कॉलोनियों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा कचरे का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव और गंदगी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है, इसलिए सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने सिविल विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन कॉलोनियों से आवासों में सीपेज, छत से पानी टपकने, टूटी सड़कों, खराब नालियों या अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका तत्काल निरीक्षण कर शीघ्र निराकरण किया जाए।